भारतीय विदेश व्यापार संस्थान

बी-21, कुतुब इंस्टीट्यूशन एरिया
नई दिल्ली-110016

(30.08.2016) को आयोजित नराकास बैठक के कार्यवृत्त पर
संस्थान के संदर्भ में अनुपालन रिपोर्ट

क्र.सं.	चर्चा किए गए बिंदु	अनुवृत्ति कार्रवाई
1.	**पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि :** बैठक के दौरान यूनिकोड की अनिवार्यता पर बल दिया गया।	संस्थान में सभी कंप्यूटरों पर यूनिकोड की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है।
2.	संस्थान से नोडल अधिकारी श्री राजेन्द्र प्रसाद के कार्य की सराहना की गई।	संस्थान से नोडल अधिकारी के रूप में श्री राजेन्द्र प्रसाद की सेवाएं निर्बाध रूप से जारी रहेंगी।
3.	राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार में संस्थान की हिंदी गृह-पत्रिका **'यज्ञ'** की सराहना की गई।	संस्थान हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए वार्षिक **हिंदी गृह-पत्रिका 'यज्ञ'** के उतरोत्तर श्रेष्ठ प्रकाशन के लिए सदैव प्रयासरत रहेगा।
4.	धारा 3(3) का उल्लंघन करने वाले कार्यालयों में 'भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद' का नाम सम्मिलित है।	'भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद' कार्यालय अधोहस्ताक्षरी नोडल अधिकारी के अंतर्गत आता है। इस प्रकार नोडल अधिकारी द्वारा उक्त कार्यालय को धारा 3(3) की गंभीरता से अवगत कराया जाएगा।
5.	उप-निदेशक, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय का संबोधन।	राजभाषा नियमों के मध्यनजर उप-निदेशक महोदय के संबोधन में दर्शाए गए सभी बिंदुओं अर्थात धारा 3(3), ई-टेण्डरिंग नोटिस, ई-मेल, हिंदी प्रशिक्षण व राजभाषा वेबसाइट पर उपलब्ध आईटी टूल्स आदि का संस्थान में भली-भांति अनुसरण किया जाता है।
6.	नराकास के तत्वाधान में प्रतियोगिताओं का आयोजन।	नराकास के सदस्य कार्यालयों द्वारा समय-समय पर आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं में संस्थान की ओर से हमेशा की तरह सहभागिता दर्ज की जाएगी।
7.	**नराकास की बैठकों में सहभागिता**	संस्थान की ओर से 30.08.2016 को आयोजित नराकास की बैठक में निम्न सदस्यों ने भाग लिया। **1. डॉ. प्रमोद कुमार गुप्ता - कुलसचिव** **2.** श्री राजेन्द्र प्रसाद - हिंदी अधिकारी

(हस्ताक्षर)
(राजेन्द्र प्रसाद)
हिंदी अधिकारी

राजेन्द्र प्रसाद
हिंदी अधिकारी
भारतीय विदेश व्यापार संस्थान
(मानित विश्वविद्यालय)
बी-21, कुतुब इंस्टिट्यूशनल एरिया
नई दिल्ली-110016